आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 20.03.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में धामी मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने लोकभवन में पांच नवनियुक्त मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– राज्य सरकार उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को भव्य रूप प्रदान करने का काम कर रही है।
- प्रमुख सचिव, वित्त रमेश कुमार सुधांशु ने सचिवालय में राज्य स्तरीय वायु गुणवत्ता निगरानी समिति की बैठक की समीक्षा की। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।
- राज्य महिला आयोग ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली लगभग 12 महिलाओं को सम्मानित किया।

## मंत्रिपरिशद विस्तार

प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाले मंत्रिपरिषद का विस्तार करते हुए पांच विधायकों को शामिल किया गया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज लोकभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में इन नवनियुक्त मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में राजपुर से विधायक खजान दास, रुद्रप्रयाग से भरत सिंह चौधरी, हरिद्वार से मदन कौशिक, रुड़की से प्रदीप बत्रा और भीमताल से विधायक राम सिंह कैड़ा शामिल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी नवनियुक्त मंत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके लम्बे अनुभवों का लाभ प्रदेश को मिलेगा।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को भव्य रूप प्रदान करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केदारखंड के साथ ही मानसखंड के पौराणिक मंदिरों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। श्री धामी आज मुख्यमंत्री आवास से श्री वाराही धाम देवीधुरा, चम्पावत में आयोजित मंदिर के नव निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा माँ वाराही धाम का प्राचीन धाम सदियों से श्रद्धा, आस्था और शक्ति का केंद्र रहा है तथा नव–निर्माण, मंदिर को और अधिक भव्य व आकर्षक स्वरूप प्रदान करेगा।

## मौसम

प्रदेश में चारों धाम सहित ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात और निचले हिस्सों में बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है। राजधनी देहरादून समेत राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में कल से रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों के अधिकांश स्थानों में हल्की से माध्यम बारिश, जबकि तीन हजार मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वालें क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग ने देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, चम्पावत और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश व बर्फबारी के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**नवरात्रि**

चैत्र नवरात्रि के आज दूसरे दिन प्रदेश के विभिन्न देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा के स्वरूप देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा–अर्चना की। बारिश के बावजूद प्रदेशभर के मंदिरों में सुबह से ही पूजन–अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। धर्मनगरी हरिद्वार स्थित प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए।
वहीं, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और प्रथम महिला गुरमती कौर ने आज देहरादून स्थित माँ डाट काली मंदिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की।

**प्रमुख सचिव बैठक**

प्रमुख सचिव, वित्त रमेश कुमार सुधांशु की अध्यक्षता में आज सचिवालय में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय वायु गुणवत्ता निगरानी समिति की बैठक हुई। प्रमुख सचिव ने देहरादून, ऋषिकेश और काशीपुर शहरों में वायु प्रदूषण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण रैंक में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास करने और स्वच्छता मानकों के अनुरूप समुचित कार्यवाही करने पर जोर दिया। प्रमुख सचिव ने मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण के साथ समन्वय स्थापित कर निर्माण स्थलों पर सामग्री को कवर करने और नियमित जल छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे धूलजनित प्रदूषण को कम किया जा सके। उन्होंने चारधाम यात्रा मार्गों और अस्थायी आश्रय स्थलों पर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए गैर सरकारी संगठनों की सहभागिता के साथ सफाई कार्य संचालित करने तथा समय–समय पर निगरानी करने के निर्देश भी दिये।

**महिला सम्मान**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग ने आज एम्स ऋषिकेश में सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली लगभग 12 महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि आयोग लगातार महिलाओं की समस्याओं को सुन रहा है और उनके समाधान के लिए कार्य कर रहा है।

**विश्व गौरैया दिवस**

आज विश्व गौरैया दिवस है। यह दिवस गौरैया की आबादी में तेजी से आ रही गिरावट को लेकर जागरूकता बढ़ाने संबंधी वार्षिक प्रयास को दर्शाता है। पौड़ी जिले में कोटद्वार भाबर के नंदपुर निवासी शिक्षक दिनेश चंद्र कुकरेती लगभग 29 सालों से गौरैया के संरक्षण में जुटे हैं। इसके लिए वे करीब 28 हजार से अधिक प्लाईवुड के घोंसले बनाकर लोगों को निःशुल्क दे चुके हैं। श्री कुकरेती वर्ष 2013 से हर वर्ष 20 मार्च को गौरैया दिवस मनाते हैं। इसी कड़ी में आज दुर्गापुरी में आयोजित कार्यक्रम में पक्षी प्रेमियों ने गौरैया के संरक्षण के लिए अपने–अपने विचार रखें। इस दौरान प्लाइवुड से बने 300 घोंसले भी वितरित किए गए। श्री कुकरेती ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में गौरैया के प्रति संरक्षण को लेकर जागरुक करना है।

**बेटी से पहचान**

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से आज पौड़ी गढ़वाल में थलीसैंण विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केंद्र बगेली में "कन्या जन्मोत्सव और बेटी से पहचान" कार्यक्रम आयोजित किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान सीता देवी ने किया। इस अवसर पर चार बालिकाओं को नाम पट्टिका भेंट कर सम्मानित करते हुए बालिकाओं के प्रति सम्मान और समानता का संदेश दिया गया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी पूजा रावत ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह को विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही बालिकाओं के संरक्षण, शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व पर बल दिया गया।